<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ</u>

तिथि 09 जून 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- हरियाणा विधानसभा की मेजबानी में चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन का जोन-2 सम्मेलन सम्पन्न हुआ, सम्मेलन में 40 वक्ताओं ने सर्वसम्मति से 4 प्रस्ताव पारित किए।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जागृत ग्राम पुरस्कारों के तहत 6 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज विभिन्न योजनाओं की कुल 2 हजार 697 करोड़ रुपए की राशि जारी की।
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पिछले 12 वर्ष मे केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व कार्य किए हैं।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 17 जिलों मे 350 अटल पुस्तकालयों का लोकार्पण किया।

हरियाणा विधानसभा की मेजबानी में चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन के जोन-2 सम्मेलन के आज दूसरे दिन प्रथम एंव द्वितीय सत्र में भविष्य की चुनौतियों से निपटने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में जागरूक समाज एंव विधायकों की भूमिका विषय पर मंथन किया गया।

तीसरे सत्र के उपरांत मीडिया के साथ वार्ता करते हुए राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने बताया कि सम्मेलन में अलग अलग राजनीतिक दलों और अलग अलग विचारधारा के 40 वक्ताओं ने मिलकर संवाद किया और सर्वसम्मति से 4 प्रस्ताव पारित किए।

उन्होंने कहा कि पहले प्रस्ताव का उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देना और तकनीक का जिम्मेदारी से उपयोग करना है ताकि एक ऐसा समाज निर्मित हो जो जानकार जागरूक और सशक्त हो तथा विकसित भारत 2047 के विजन को प्रभावी योगदान दे सकें। अंतिम और छठे संकल्प को लेकर उन्होंने बताया कि सार्वजनिक सेवा प्रदायगी में पारदर्शिता, कार्यकुशलता और सुलभता बढ़ाने के लिए डिजिटल तकनीकों एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डाटा आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया के अधिक उपयोग को बढ़ावा देना है।हरियाणा लोकसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि आज लगभग साढ़े पाँच घंटे तक चर्चा हुई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जागृत ग्राम पुरस्कारों के तहत प्रदेश की 6 ग्राम पंचायतों को विकास, स्वच्छता और सुशासन के नए मानदंड स्थापित करने के लिए सम्मानित किया। उन्हें 1 करोड़ 66 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत की असली शक्ति हमेशा गांवों और पंचायतों में है ।

इन पंचायतों में फतेहाबाद जिला के गांव जांडली कलां की ग्राम पंचायत को 51 लाख रुपये, चरखीदादरी के गांव झिंझर की पंचायत को 31 लाख रुपये, अंबाला के साहा की पंचायत को 21 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार द्वितीय श्रेणी में फतेहाबाद जिला के गांव जल्लोपुर की पंचायत को 31 लाख रुपये, गांव गदली को

21 लाख रुपये तथा करनाल के मर्दानहेड़ी गांव की ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने इस दौरान कुरुक्षेत्र के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर आधारित 'धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र' पुस्तक का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज विभिन्न योजनाओं की कुल 2 हजार 697 करोड़ रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश की माता बहनों को आठवीं किस्त की 207 करोड़ 75 लाख रुपए की राशि जारी की गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दयालु योजना के तहत भी पीड़ित परिवारों को 169 करोड़ 50 लाख रुपए की वित्तीय मदद जारी की गई है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने कहा कि पिछले 12 वर्ष मे केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। जिनका सीधा लाभ देश की जनता को मिला है। उन्होंने सिलेसिलेवार योजनाओं के हिसाब से आंकड़े प्रस्तुत किए। केंद्रीय मंत्री रोहतक के वैश्य कॉलेज सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असंभव को संभव बनाने का काम किया है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने कहा कि गत 12 वर्ष के दौरान भारत ने स्थिरता और परिवर्तन दो शक्तियों का प्रमाण देखा है ।

उन्होंने रोहतक में चार वर्ष पहले करीब 315 करोड़ रूपए की लागत से बनकर तैयार हुए रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का निरीक्षण भी किया। और स्वच्छता अभियान में भी शिरकत की।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि शामलात भूमि पर पिछले 20 वर्षो से मकान बनाकर रह रहे ग्रामीण परिवार मालिकाना हक लेने के लिए अगले वर्ष 16 जनवरी तक आवेदन कर सकते है। ऐसे परिवारों से वर्ष 2004 की कलेक्टर दर की डेढ़ गुणा के अनुसार भूमि खरीद की राशि जमा करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सशक्त पंचायत समारोह को संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि दस्तावेजी कठिनाइयों के कारण कई पात्र लोग आवेदन नहीं कर सके थे, ऐसे में सरकार ने उन्हें राहत दी है। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि ग्रामीण क्षेत्र में कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक और कचरा संग्रहण कर्मी उपलब्ध करवाए जाएंगे। यह ट्रैक्टर ई—वी होंगे। इसके अलावा वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं पर भी सरकार काम कर रही है।

इस दौरान उन्होंने 17 जिलों के 179 गांवों की फिरनियों पर एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन भी किया, जिन पर 23 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत आई है। साथ ही 17 जिलों में 44 करोड़ रुपये की लागत से बने 350 अटल पुस्तकालयों का भी लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं को विकास कार्यों हेतु 1 हजार 56 करोड़ 75 लाख रुपये सीधे उनके खातों में हस्तांतरित किए।